जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

2 जून 2023

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया आरसीए में सिविल सेवा परीक्षा 2024 की मुफ्त कोचिंग के लिए, 5 जून, 2023 तक आवेदन

सिविल सेवा (Preliminary-cum-Main) परीक्षा 2024 की तैयारी के लिए मुफ्त कोचिंग (हॉस्टल सुविधा के साथ) के लिए प्रतिष्ठित आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए), जामिया मिल्लिया इस्लामिया में आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 जून, 2023 है। इस कोचिंग के लिए अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला समुदायों के उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।

इस आवासीय कोचिंग में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय 18 जून, 2023 को दस केंद्रों: दिल्ली, श्रीनगर, जम्मू, हैदराबाद, गुवाहाटी, मुंबई, पटना, लखनऊ, बेंगलुरु और मलप्पुरम में प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगा।

आरसीए सिविल सेवा की कोचिंग के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध अकादमी है। यह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और अल्पसंख्यक समुदायों के उम्मीदवारों के लिए सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी की मुफ्त कोचिंग और प्रशिक्षण प्रदान करता है। इसका एक अनुकूल वातावरण और इकोसिस्टम है जो सिविल सेवा और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के उम्मीदवारों के लिए देश में एक सर्वश्रेष्ठ संस्थान है।

अकादमी ने पिछले साल अच्छे परिणाम दिए, सुश्री श्रुति शर्मा अव्वल रही और सिविल सेवा परीक्षा 2021 में अखिल भारतीय रैंक 1 हासिल की। अपनी स्थापना के बाद से, आरसीए के माध्यम से सिविल सेवाओं, अन्य केंद्रीय और राज्य सेवाओं में 600 से अधिक चयन हुए हैं। प्रवेश परीक्षा का प्रारूप, योग्यता, परीक्षा केंद्रों, उपलब्ध सुविधाओं आदि के बारे में विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://jmicoe.in पर उपलब्ध है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया